Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct a Railway over bridge at Jagadhari workshop station, Kurukshetra.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): अध्यक्ष जी, आपने मुझे रादौर विधान सभा की एक गंभीर समस्या को उठाने का अवसर दिया है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान रेलवे वर्कशॉप स्टेशन जगाधरी के पास फरखपुर, रेलवे कालोनी मडेबर सहित अन्य क्षेत्रवासियों की समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, इस क्षेत्र की आबादी करीब 30-40 हजार है । इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को स्कूल, कालेज, मार्केट, अस्पताल और एकमात्र शमशान घाट तक जाने के लिए रेलवे लाइन की दूसरी तरफ जाना पड़ता है । यहां के बच्चों को स्कूल व कालेज तथा निवासियों को मार्केट अस्पताल और दाह संस्कार हेतु शमशान घाट जाने के लिए करीब तीन-चार किलोमीटर का रास्ता पैदल तय करने के लिए मजबूर होना पड़ता है । आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 के बाद देश को कई रेलवे फाटकों से मुक्त किया है । इस क्षेत्र के अंदर एक क्रासिंग गेट 100सी था, जिसे अब स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है । रेलवे द्वारा एक अंडरपास बनाया गया है जो आबादी से तीन-चार किलोमीटर की दूरी पर है । वह सुनसान जगह पर है और रात के समय लूटपाट व किसी अप्रिय घटना होने का डर है । बरसात के समय उस अंडरपास के नीचे पानी भर जाता है और लोगों को आने-जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है । मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह अपील है कि जगादरी वर्कशॉप स्टेशन पर एक, क्रॉसिंग गेट नंबर-100 पर इस्पात का एक, ओवरब्रिज पैदल यात्रियों तथा दुपहिया वाहन चालकों के लिए बनाया जाए, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके । धन्यवाद ।